# दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू

कक्षा– तीसरी **Foundation Worksheet** विषय – हिंदी

उपविषयः– अपठित गद्यांश, अनुच्छेद लेखन, ध्वनि, वर्ण तथा वर्तनी, संज्ञा

प्र०1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

एक लड़का था जिसका नाम देव था। वह बड़ा निडर था। उसका एक प्रिय मित्र था जिसका नाम शाम था। वह देव की कक्षा में पढ़ता था। वे दोनों अधिक समय साथ बिताते थे। दोनों की पसंद एक जैसी थी। दोनों को पुस्तकें पढ़ना पसंद था। कभी–कभी कुछ अच्छी कार्टून फिल्में वे एक साथ बैठकर देखते थे। दोनों शाम को बगीचे में खेलते थे। शाम बहुत हँसमुख था। वह कक्षा में हमेशा प्रथम आता था। सभी अध्यापक दोनों की प्रशंसा करते थे। देव को अपने मित्र पर गर्व था।

क निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः–

1. देव के मित्र का क्या नाम था?

2. दोनों मित्रों को क्या पढ़ना पसंद था?

ख सही विकल्प चुनकर लिखिएः–

1. वे एक साथ बैठकर क्या देखते थे?

क डरावनी फिल्में ख कार्टून फिल्में

2 शाम कक्षा में क्या आता था?

क प्रथम ख अंतिम

ग निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिएः–

1 मित्र – दोस्त , शत्रु

2 पुस्तक – गुलाब , किताब

ध निम्नलिखित वाक्यों में सही / गलत का निशान लगाइए–

1 शाम देव की कक्षा में पढ़ता था। ( )

2 देव का मित्र बहुत गुस्से वाला था। ( )

प्र०2 'मेरा विद्यालय' विषय पर सहायक सूची की सहायता से एक अनुच्छेद लिखिए—

सहायक सूचीः नाम, दिल्ली पब्लिक स्कूल, बड़ा, हवादार, सुंदर, खेल का मैदान, झूले, पुस्तकालय पेड़—पौधे, अध्यापिकाएँ, गर्व

प्र०3 बादल में दिए गए वर्णो में से स्वर और व्यंजन अलग कर के लिखिए:—

| स्वर | व्यंजन |
|---|---|
| .............. | .............. |
| .............. | .............. |
| .............. | .............. |
| .............. | .............. |
| .............. | .............. |
| .............. | .............. |
| .............. | .............. |
| .............. | .............. |




प्र०4 निम्नलिखित मात्रा—चिह्नों का प्रयोग करते हुए दो—दो शब्द लिखिए—

1 ौ — .............. ..............

2 ृ — .............. ..............

3 ो — .............. ..............

4 ा — .............. ..............

5 ि — .............. ..............

6 ु – .................. ..................

प्र०5 निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित करके लिखिए–

1 राधा नाच रही है।

2 मेरा भाई रोहित शरारती है।

3 मेरे नानाजी पंजाब में रहते हैं।

4 माँ ने बाज़ार से फल लाए।

5 लड़का भाग रहा है।

6 मेरा घर सुंदर है।

प्र०6 निम्नलिखित वाक्यों में उचित संज्ञा शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिएः–

1 मेरा....................बाज़ार गया है।

2 मेरी माँ.....................बना रही है।

3 मैं कल......................गया था।

4 ....................में फूल खिले हैं।

5 गाय.....................खा रही है।

6 ........................जंगल का राजा है।

प्र०7 कोष्ठक में से उचित संज्ञा शब्द छाँटकर रिक्त स्थान भरिएः–

1 लड़की ने.....................पढ़ी। (पुस्तक / कमरा)

2 .......................में मिठास है। (गेंद / आम)

3 हम....................जाते हैं। (पाठशाला / बंदर)

4 ......................पर फूल रखे हैं। (मिठास / मेज)

5 ..........................रसोईघर में हैं। (माताजी / जहाज़)

6 ........................खेल रहा है। (लड़का / मंदिर)

प्र०8 निम्नलिखित वर्तनी ड़ अथवा ढ़ लगाकर पूरी कीजिएः–

1 खि .... की

2 बु ि..... या

3 बा......

4 ल .... का

5 गु ि.... या

6 ब .... ई

7 पहा ....

8 प ... ना